प्रेम से तू गा ले
prema se tū gā le

प्रेम से तू गा ले रसना नाम शिवजिका
वो ही दाता है विधाता सारे जगतका

prema se tū gā le rasanā nāma śivajikā
vo hī dātā hai vidhātā sāre jagatakā

है कृपाला वो दयालु भोला भण्डारी
वो त्रिलोकि का है स्वामि प्राण अधारी
श्वासों की माला पे अपना नाम शिवजी का
प्रेम से तू गा ले रसना नाम शिवजी का

hai kṛpālā vo dayālu bholā bhaṇḍārī
vo triloki kā hai svāmi prāṇa adhārī
śvāsoṁ kī mālā pe apanā nāma śivajī kā
prema se tū gā le rasanā nāma śivajī kā

संकटों को हरने वाला शिव है दु:खनाशी
सारी सृष्टि का रचैय्या ब्रह्मा अविनाशी
ज्ञान से उसमें उतरना नाम शिवजी का
वो ही दाता है विधाता सारे जगतका

saṁkaṭoṁ ko harane vālā śiva hai duḥkhanāśī
sārī sṛṣṭi kā racaiyyā brahmā avināśī
jñāna se usameṁ utaranā nāma śivajī kā
vo hī dātā hai vidhātā sāre jagatakā

चंद्र सोहे भाल जिसके नाग गले माला
शंख से फुंकार फुंके कर दे मतवाला
शरण हो निसदिन सुमिरन नाम शिवजी का
वो ही दाता है विधाता सारे जगतका

caṁdra sohe bhāla jisake nāga gale mālā
śaṁkha se phuṁkāra phuṁke kara de matavālā
śaraṇa ho nisadina sumirana nāma śivajī kā
vo hī dātā hai vidhātā sāre jagatakā